राष्ट्रीय कोयला विकास निगम और हिन्दुस्तान स्टील कम्पनी के मुख्यालयों को बिहार से बाहर ले जाना

4238. **श्री जागेश्वर प्रसाद यादव**
श्री रामवतार शास्त्री :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के मुख्यालय को बिहार राज्य के रांची स्थान से हटा कर कलकत्ता ले जाया जायेगा ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या हिन्दुस्तान स्टील कम्पनी का मुख्यालय दिल्ली से ले जाया जा रहा है, यदि हां, तो उसके क्या कारण है , और

(घ) क्या बिहार सरकार से इस सम्बन्ध मे कोई बातचीत की गई है, यदि हां, तो बिहार सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुबोध हंसदा) : (क) जी, नही ।

(ख) प्रश्न नही उठता है ।

(ग) जी नही ।

प्रश्न नही उठता है ।

Investigations into attack on Indian Mission in London

4239. SHRI P. M MEHTA:
SHRI SHRIKISHAN MODI:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether two officials were sent to U K by India to help the U K. Government in finding out the culprits who attacked the Indian Mission in London, and

(b) if so, whether those officials have since submitted any report to Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): (a) and (b) Yes, Sir

मझगांव डाक का विस्तार

4240. **श्री विभूति मिश्र :**
श्री भोगेन्द्र झा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मझगांव डाक का स्थान छोटा सा है ;

(ख) यदि हां, तो डाक के छोटा होने के कारण, कार्य का विस्तार नही किया जा रहा है , और

(ग) यदि हां, तो डाक के विस्तार के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) . (क) से (ग). मझगांव डाक लिमिटेड कुछ समय

से अपने कार्यालयों की आवश्यकता को पूरा करने के लिये स्थान की कमी अनुभव कर रहा है। तथापि, अतिरिक्त स्थान प्राप्त करने के लिये एक प्रस्ताव विचाराधीन है।

Bomb scare in India's Mission in U.S.

4241. SHRI BIBHUTI MISRA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention was drawn to the news in the 'Indian Express' dated the 24th February, 1973 under the heading "Bomb Scare in India Mission in US"; and

(b) the reaction of Government thereto and the action taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): (a) Yes Sir.

(b) Detailed instructions have been issued to all our Missions abroad regarding action to be taken when such telephone calls or threatening letters are received. In this case the matter was brought immediately to the notice of the New York Police who took immediate action. It transpired to be a hoax.

इस्पात का उत्पादन बढ़ाने की योजना

4242. श्री विभूति मिश्र : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अप्रैल, 1973 से इस्पात का उत्पादन बढ़ाने के लिये सरकार कोई योजना बना रही हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

इस्पात और खान मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुबोध हंसदा) : (क) और (ख). अप्रैल, 1973 से इस्पात का उत्पादन बढ़ाने की ऐसी कोई योजना नही बनाई जा रही है। फिर भी, गत 2 वर्षों में सम्बन्धित प्रबन्धकों ने भिलाई, दुर्गापुर, राउरकेला, जमशेदपुर और बर्नपुर के सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों का उत्पादन-स्तर बढ़ाने के लिये कई उपाय किये हैं। उन उपायों के फलस्वरूप वर्ष 1971-72 की तुलना में चालू वित्त वर्ष में इन कारखानो का कुल उत्पादन अधिक होने की आशा है। यह भी आशा है कि वर्ष 1973-74 में उत्पादन मे और भी वृद्धि होगी।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन रांची में उत्पादन

4243. श्री विभूति मिश्र : क्या भारी उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन अपनी पूरी उत्पादन क्षमता के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या देश मे निहित स्वार्थ अपनी फैक्टरियो के लिए मशीनें इस कारपोरेशन से नही खरीदते और विदेशों से आयात करते है ; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कारपोरेशन का पूरी क्षमता पर कार्यकरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार का क्या योजना बनाने का विचार है ?